<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# <u>पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंहनगर (उत्तराखण्ड)</u>

## <u>पैरपुरा, सितारगंज में किसान चौपाल आयोजित</u>

पंतनगर। 14 जून 2023। विश्वविद्यालय में केन्द्रीय गोवंश अनुसंधान संस्थान (भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली), मेरठ द्वारा वित्त पोषित अखिल भारतीय पशु शोध समन्वित परियोजना– फ्रिजवाल के अन्तर्गत ग्राम पैरपुरा (सितारगंज) में किसान चौपाल का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन, डा. सी.बी. सिंह , परियोजना अधिकारी, अखिल भारतीय पशु शोध समन्वित परियोजना–फ्रिजवाल, पशु चिकित्सा महाविद्यालय, पंतनगर द्वारा किया गया। परियोजना अधिकारी ने सभी गोपालकों एवं परियोजना टीम के सदस्यों के उत्साहवर्धन के साथ–साथ पशु प्रबन्धन के मुख्य बिन्दुओं पर प्रकाश डाला।

किसान चौपाल के दौरान गौ–पालकों की समस्याओं के समाधान किया। किसान चौपाल में परियोजना अधिकारी द्वारा परियोजना के उद्देश्य एवं इससे पशु पालकों को मिलने वाले लाभों पर प्रकाश डाला गया। परियोजना टीम के सदस्यों द्वारा पशु पालकों को सम्बोधित करते हुए पशु पालन के सभी तकनीकी आयामों को अपनाकर उन्नत पशु पालन करने के लिए पशु पालकों का आह्वान किया गया। शिवर का संचालन एवं गौ–पालकों का पंजीकरण शिवांशु तिवारी (वरिष्ठ शोध अध्येता) द्वारा किया गया। धन्यवाद प्रस्ताव श्री विक्रम सिंह द्वारा किया गया। शिविर में कुल 22 पशु पालकों द्वारा प्रतिभाग किया गया।




*किसान चौपाल में गो–पालकों को सामग्री वितरित करते अधिकारी।*